# University in News on 24 March 2024

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

# भूविज्ञान विभाग में बनेगी रत्न परीक्षण प्रयोगशाला

## लखनऊ विश्वविद्यालय में रत्नों की पहचान करना सीखेंगे विद्यार्थी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में जेम टेस्टिंग लैब (रत्न विज्ञान प्रयोगशाला) का निर्माण किया जाएगा। इसमें विवि के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएं रत्नों का परीक्षण करना और उनके बारे में जानकारी हासिल करना सीखेंगे। यह प्रयोगशाला भूगर्भ विज्ञान विभाग में बनाई जानी है। इसकी कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसमें कितना खर्च आएगा और कौन-कौन से उपकरणों की आवश्यकता होगी, इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है।

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत लविवि के भूगर्भ विज्ञान विभाग में वोकेशनल कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को रत्न विज्ञान की शिक्षा दी जा रही है। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपनी रुचि दिखा रहे हैं। बीएससी और एमएससी कोर्स के अंतर्गत इस पेपर में विभिन्न विभागों के सौ से अधिक बच्चे रत्न विज्ञान के बारे में जानने के साथ ही इसकी शिक्षा हासिल कर रहे है।

### राजस्व बढ़ाने में मदद करेगी लैब

जानकारी के मुताबिक, इस समय शहर में किसी भी विवि में वर्तमान रत्न विज्ञान से संबंधित पढ़ाई नहीं कराई जा रही है। न ही कहीं रत्न परीक्षण की लैब है। आसपास के लोग रत्न परीक्षण की सुविधा ले सकेंगे। इससे लैब की स्थापना से विश्वविद्यालय के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

विभाग के प्रोफेसर और पूर्व डीन विभूति राय ने बताया कि रत्न विज्ञान की पढ़ाई को लेकर विद्यार्थी काफी उत्सुक हैं। जेम टेस्टिंग लैब की स्थापना से वह व्यावहारिक ज्ञान को भी समझ सकेंगे। साथ ही रत्नों की पहचान भी आसानी से कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला की स्थापना को लेकर कुलपति से चर्चा चल रही है। इसका प्रस्ताव भी तैयार हो रहा है।

उम्मीद है कि जल्द ही इसकी स्थापना कर दी जाएगी। इसमें तकरीबन 20 से 25 लाख खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में जब विवि में बीवॉक इन जेमोलॉजी कोर्स संचालित था तो केंद्र सरकार ने विभाग को 50 लाख का अनुदान दिया था। उसी के अंतर्गत या पीएम उषा फंड से लैब की स्थापना की जाएगी।

## स्नातक की सम सेमेस्टर परीक्षाएं 23 अप्रैल से

लखनऊ। लविवि में स्नातक की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 अप्रैल से शुरू होंगी। इसे लेकर विवि ने शनिवार को प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसके मुताबिक, बीए की परीक्षाएं 23 अप्रैल और बीकॉम की 24 अप्रैल से शुरू होंगी। विद्यार्थी वेबसाइट lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि 5 अप्रैल तक सुझाव व आपत्तियां मांगी गई हैं। विद्यार्थी परीक्षा विभाग की वेबसाइट coe@lkouniv.ac.in पर भेज सकते हैं। इसके बाद विवि की ओर से अंतिम परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा। परीक्षा फॉर्म भरने के लिए विवि पोर्टल पहले ही खोल चुका है। 20 हजार से अधिक बच्चों ने फॉर्म भर दिया है। (संवाद)

## पत्रकारिता विभाग में कम्प्यूटर लैब शुरू



लखनऊ। लविवि में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। इस लैब में 50 से अधिक कम्प्यूटर लगाए गए हैं। कुलपति ने बीए व बीएससी मूल्यांकन केंद्र पर नई लिफ्ट का भी उद्घाटन किया। विभागाध्यक्ष पत्रकारिता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव, डॉ. सौरभ मालवीय, प्रो. डीके सिंह आदि उपस्थित रहे। (संवाद)

**NBT PAGE 5**

# LU के 100 स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट

एनबीटी सं., लखनऊ : एलयू के 100 स्टूडेंट्स को कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। वीसी प्रो.आलोक राय ने बताया कि सेंट्रल प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) द्वारा आयोजित प्लेसमेंट सेल में एक निजी कंपनी ने 100 विद्यार्थियों को चयनित किया है। सीपीसी निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि पहले 60 से 90 दिन की ट्रेनिंग के दौरान 9000 रुपये स्टाईपेंड मिलेगा। संतोषजनक परफॉर्मेंस वाले स्टूडेंट्स को कंपनी स्थाई करेगी।

# LU में PHD के 8 विषयों की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी

**अभ्यर्थियों के पास 28 तक फीस जमा करने का मौका**

लखनऊ : एलयू में पीएचडी के आठ विषयों की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। जल्द ही सीट अलॉटमेंट घोषित किया जाएगा। पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2023-24 के तहत प्रोविजनल मेरिट सूची घोषित की गई है। इसमें विधि, समाज कार्य, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र और व्यवसाय प्रशासन विषय शामिल हैं। एलयू प्रवक्ता प्रफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन विषयों का रिजल्ट शनिवार को जारी हुए हैं, जल्द ही उनका सीट अलॉटमेंट घोषित किया जाएगा। जिसके अनुसार अभ्यर्थियों को फीस जमा करना होगा। 24 मार्च को दोपहर तीन बजे से 28 मार्च की रात 12 बजे तक फीस जमा करनी होगी।

**TOI PAGE 3**

# LU decides to put exams on fast track

Lucknow University has implemented changes to expedite semester exams and admissions. The examination committee recently decided to conduct exams in three daily sessions instead of two. This will shorten the exam period, allowing for faster evaluation and earlier result declaration. "Starting this academic session, exams will be held in three daily sessions," said LU spokesperson Durgesh Srivastava. "This shift from two sessions will expedite completion of exams by several days"

**LOKSATYA PAGE 3**

# एलयू में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन



लखनऊ। एलयू के कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो आलोक कुमार राय ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्थापित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। कुलपति ने बीए एवं बीएससी मूल्यांकन केंद्र पर नव-निर्मित लिफ्ट का भी उद्घाटन किया। लोकसत्य

**JAGRAN CITY PAGE III**

# लवि में मनाई गई लोहिया की जयंती

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व प्रखर चिंतक डा. राम मनोहर लोहिया की 114वीं जयंती मनाई गई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विभाग में व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें जेएनयू की प्रो. मैत्री चौधरी ने कहा कि भाषा सामाजिक विज्ञानों को समझने का सबसे सशक्त और समाज को जोड़ने का प्रमुख साधन है। उन्होंने बताया कि कैसे समाज शास्त्र हमारे दैनिक जीवन को दर्शाता है। भाषा के माध्यम से ही इसे समझा जा सकता है। इस अवसर पर लोहिया शोध पीठ के निदेशक प्रो. डीआर साहू, एसोसिएट प्रोफेसर प्रतिभा राज, प्रोफेसर अर्चना वर्मा सहित अन्य शिक्षक भी भी उपस्थित रहे।



लवि में डा. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए • सौजन्य से लवि

**HINDUSTAN PAGE 6**

# बीएससी बॉटनी के प्रैक्टिकल आठ से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा-2024 के मद्देनजर बीएससी बॉटनी पाठ्यक्रम के प्रैक्टिकल की तारीख घोषित कर दी गई हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. मुन्ना सिंह ने पत्र जारी कर दिया है। इसके मुताबिक बीएससी बॉटनी दूसरे व चौथे सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 15, 16 व 18 और छठे सेमेस्टर के आठ, नौ व 10 अप्रैल को आयोजित किए जाएंगे।

# एलयू के 100 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 100 छात्रों का चयन सेवा सतकार फाउंडेशन में हुआ है। चयनित छात्रों को दो से तीन माह की इंटर्नशिप या ट्रेनिंग दी जाएगी। इस दौरान विद्यार्थियों को नौ हजार रुपये दिए जाएंगे। जिसके बाद छात्र-छात्राओं की परफार्मेंस के आधार पर उन्हें नौकरी भी प्रदान की जाएगी। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने यह जानकारी दी।

**AMRIT VICHAR PAGE 4**

# कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ: कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्थापित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। इसके बाद कुलपति जी ने बी ए एवं बी एस सी मूल्यांकन केंद्र पर नव निर्मित लिफ्ट का भी उद्घाटन किया।